नामांक Roll No.

**Sl.No. :**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

**No. of Questions – 23**

**No. of Printed Pages – 11**

**SS–29–Sociology (Spl. Supp.)**

# उच्च माध्यमिक विशेष पूरक परीक्षा, 2023

## SENIOR SECONDARY SPECIAL SUPPLEMENTARY EXAMINATION, 2023

## समाजशास्त्र

## SOCIOLOGY

**समय** : 3 **घण्टे** 15 **मिनट**

**पूर्णांक** : 80

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

***GENERAL INSTRUCTIONS TO THE EXAMINEES :***

1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्नपत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें।

Candidate must write first his / her Roll No. on the question paper compulsorily.

2) **सभी** प्रश्न करने अनिवार्य हैं।

**All** the questions are compulsory.

3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर–पुस्तिका में ही लिखें।

Write the answer to each question in the given answer-book only.

4) जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें।

For questions having more than one part, the answers to those parts are to be written together in continuity.

5) **प्रश्न–पत्र के हिन्दी व अंग्रेजी रूपांतरण में किसी प्रकार की त्रुटि / अन्तर / विरोधाभास होने पर हिन्दी भाषा के प्रश्न को ही सही मानें।**

If there is any error / difference / contradiction in Hindi & English versions of the question paper, the question of Hindi version should be treated valid.

6) **प्रश्न का उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**

Write down the serial number of the question before attempting it.

7) **प्रश्न क्रमांक** 21 **से** 23 **तक** 1 **आंतरिक विकल्प है।**

Question Nos. 21 to 23 each have 1 internal choice.

## खण्ड – अ

## SECTION - A

**1)** **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:**

Give the answer of the following questions:

i) **अंग्रेजी शब्द 'डेमोग्राफी' किन शब्दों से मिलकर बना है?** **[1]**

**अ)** **डेमोस** **ब)** **ग्राफीन**

**स)** **(अ) व (ब) दोनों** **द)** **इसमें से कोई नहीं**

From which words the English word Demography is composed of?

A) Demos B) Graphein

C) Both (A) and (B) D) None of above

ii) **'द फॉर्म ऑफ केपिटल' के लेखक कौन है?** **[1]**

**अ)** **कार्ल मार्क्स** **ब)** **एडम स्मिथ**

**स)** **मैक्स वेबर** **द)** **पियरे बोरदयू**

Who is the author of 'The form of capital'?

A) Karl Marx B) Adam Smith

C) Max Weber D) Pierre Bourdieu

iii) **भारत में विविधता के सांस्कृतिक चिन्ह है?** **[1]**

**अ)** **भाषा** **ब)** **धर्म एवं पंथ**

**स)** **जाति एवं प्रजाति** **द)** **उपर्युक्त सभी**

What are the cultural markers of diversity in India?

A) Language B) Religion and Sect

C) Caste and Race D) All of above

iv) ''राज्य एक ऐसा निकाय होता है जो एक विशेष क्षेत्र में विधिसम्मत एकाधिकार का सफलतापूर्वक दावा करता है'' राज्य की यह परिभाषा किसने दी? **[1]**

अ) मैक्स वेबर　　ब) गुन्नार मिर्डल

स) हॉब्स　　द) मैक्यावली

"A state is a body that successfully claims a monopoly of legitimate force in a particular territory" Who gave this defination of state?

A) Max Weber　　B) Gunnar Myrdal

C) Hobbes　　D) Machiavelli

v) 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में हिन्दुओं की आबादी कितने प्रतिशत है? **[1]**

अ) 75%　　ब) 80%

स) 85%　　द) 90%

According to the 2011 census, what is the percentage of Hindu population in India?

A) 75%　　B) 80%

C) 85%　　D) 90%

vi) निम्नलिखित में संरचनात्मक परिवर्तन की प्रक्रिया है? **[1]**

अ) औद्योगीकरण　　ब) नगरीकरण

स) दोनों　　द) इनमें से कोई नहीं

Which of the following is the process of structural change?

A) Industrialization　　B) Urbanization

C) Both　　D) None of above

vii) 'द सॉर्स ऑफ नॉलेज' के लेखक कौन है? **[1]**

अ) माइकल फूको　　ब) राजा राममोहन रॉय

स) विरेशलिंगम　　द) रानाडे

Who is the author of 'The sources of knowledge'?

A) Michel Foucault　　B) Raja Ram Mohan Roy

C) Viresalingam　　D) Ranade

viii) हरिजन नामक पत्र में 'द ओनली वे' लेख किसने लिखा? **[1]**

अ) महात्मा गाँधी  ब) लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक

स) जवाहर लाल नेहरु  द) नेताजी सुभाष चन्द्र बोस

Who wrote the article 'The Only Way' in the paper Harijan?

A) Mahatma Gandhi  B) Lokmanya Bal Gangadhar Tilak

C) Jawaharlal Nehru  D) Netaji Subhas Chandra Bose

ix) 73 वाँ संविधान संशोधन अधिनियम कब पारित हुआ? **[1]**

अ) 1991  ब) 1992

स) 1993  द) 1994

When was the 73rd Constitutional Amendment Act passed?

A) 1991  B) 1992

C) 1993  D) 1994

x) 'एग्रेरियन स्ट्रक्चर' के लेखक कौन है? **[1]**

अ) जॉन ब्रेमन  ब) श्रीनिवास

स) डेनियल थॉर्नर  द) घुर्ये

Who is author of 'Agrarian Structure'?

A) Jan Breman  B) Sri Niwas

C) Daniel Tharner  D) Ghurye

xi) ‘अलगाव’ की अवधारणा के प्रतिपादक कौन है? **[1]**

अ) वेबर　　ब) दुर्खीम

स) घुर्ये　　द) मार्क्स

Who is the exponent of the concept of 'Alienation'?

A) Weber　　B) Durkheim

C) Ghurye　　D) Marx

xii) भारत सरकार ने उदारीकरण की नीति को कब अपनाया? **[1]**

अ) 1990 का दशक　　ब) 1980 का दशक

स) 1970 का दशक　　द) 1950 का दशक

When did the government of India adopt the policy of Liberalization?

A) 1990s　　B) 1980s

C) 1970s　　D) 1950s

**2)** निम्नलिखित प्रश्नों में रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

Fill in the blanks in the following questions:

i) भारत में सन .................. में एफ. एम. रेडियो की स्थापना हुई। **[1]**

F.M. Radio was established in India in __________.

ii) स्टार टी.वी. (इंग्लिश चैनल) ................ से पूर्णतः हिन्दी चैनल बन गया। **[1]**

Star T.V. (English channel) become a completely Hindi channel from __________.

iii) भारत को सन .................. में स्वतंत्रता मिली। **[1]**

India got independence in ________.

iv) मैकार्थी और जेल्ड ने ................ का सिद्धांत प्रस्तावित किया। **[1]**

McCarthy and Zald proposed the theory of ___________.

v) 1857 में ब्रिटिश शासन का विरोध भारतीय राष्ट्रवादियों के लिए ............. का प्रथम संग्राम था **[1]**

The protest to British rule in 1857 was the first war of __________ for the Indian nationalist.

vi) 1917-18 में चंपारण सत्याग्रह ................. की खेती के विरूद्ध था। **[1]**

Champaran Satyagraha in 1917-18 was against __________ cultivation.

**3)** **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

Give the answer of the following questions:

i) **जोतिराव फुले ने 'सत्यशोधक समाज' की स्थापना कब की?** **[1]**
When did Jyotirao Phule form the 'Satyashodhak Samaj'?

ii) **समुदायों को 'वीर प्रजाति', दगाबाज तथा कायर के रूप में किसने विभाजित किया?** **[1]**
Who divided the communities into 'Martial race', untrustworthy and cowards?

iii) **सामाजिक अपवर्जन या बहिष्कार को परिभाषित कीजिए।** **[1]**
Define social exclusion.

iv) **उन चार समूहों के नाम लिखिए जो गंभीर रूप से सामाजिक विषमता एवं बहिष्कार के शिकार रहे है?** **[1]**
Write the name of four groups which have been victims of serious social inequality and exclusion.

v) **ब्रितानी उपनिवेशवाद की स्थापना से आए परिवर्तनों का कोई एक मौलिक उदाहरण दीजिए।** **[1]**
Give any one basic example of the change brought about by the establishment of British colonialism.

vi) **सांस्कृतिक परिवर्तन की प्रक्रिया का एक मौलिक उदाहरण दीजिए।** **[1]**
Give a basic example of the process of cultural change.

vii) **प्रत्यक्ष व परोक्ष/ प्रतिनिधिक लोकतंत्र के उदाहरण दीजिए।** **[1]**
Give examples of direct and indirect (representative) democracy.

viii) **भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 1931(कराची अधिवेशन) के अधिवेशन के कोई दो मौलिक संकल्प लिखिए।** **[1]**
Write any two basic resolutions of the 1931 session (Karachi session) of the Indian National Congress.

ix) आई. एल. ओ. रिपोर्ट (2018-19) के अनुसार भारत में प्राथमिक, द्वितीयक व तृतीयक क्षेत्रों में क्रमशः कितने प्रतिशत लोग कार्यरत थे? **[1]**

According to the I.L.O. report (2018-19), what percentage of people were employed respectively in the primary, secondary and tertiary sectors in India?

x) औद्योगीकरण के सकारात्मक व नकारात्मक परिणाम के मौलिक उदाहरण लिखिए। **[1]**

Write basic examples of positive and negative consequences of industrialization.

xi) भूमण्डलीकरण को परिभाषित कीजिए। **[1]**

Define globalization.

xii) ब्रिटिश शासन में मास मीडिया कौन से साधनों तक सीमित था? मौलिक उदाहरण दीजिए। **[1]**

To which means was the mass media limited to during the British rule? Give basic example.

## खण्ड – ब

## SECTION - B

**4)** भारत की जनसंख्या 'प्रतिस्थापन स्तर' पर नहीं पहुँच पायी, इसके दो मौलिक कारण दीजिए। **[1+1=2]**

Give basic two causes why the population of India could not reach the replacement level?

**5)** क्या जाति वर्तमान में भी पूर्णतः पारंपरिक व्यवसाय से जुड़ी हुई है? अपना अनुभव लिखिए। **[2]**

Is the caste still completely attached to the traditional occupation at present? Write your experience.

**6)** बाजार एक सामाजिक संस्था कैसे है? तर्क दीजिए। **[2]**

How is the market a social institution? Give reasons.

7) सांप्रदायिकता को परिभाषित कीजिए। [2]

Define communalism.

8) भारत में क्षेत्रवाद के कारण बताइए। क्या क्षेत्रीय वंचन इसको बढ़ावा देता है? [1+1=2]

Mention the causes of regionalism in India. Does regional deprivation promote it?

9) उपनिवेशवाद के कोई दो प्रभाव लिखिए। [1+1=2]

Write any two effects of colonialism.

10) औद्योगीकरण व नगरीकरण में क्या संबंध है? लिखिए। [2]

What is the relation between industrialization and urbanisation? Write.

11) क्या भारत में लोकतांत्रिक मूल्य व संस्थाएँ विशुद्ध रूप से पश्चिम की देन है? संक्षिप्त उतर दीजिए। [2]

Are democratic values and institutions in India purely the product of west? Answer in brief.

12) क्या कृषि ग्रामीण समाज के लिए जीविका का महत्वपूर्ण साधन है? ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जुड़े कारीगर या दस्तकारों का संक्षिप्त वर्णन कीजिए। [1+1=2]

Is agriculture an important sources of livelihood for the rural society? Briefly describe the artisans or craftman associated with village economy.

13) संगठित व असंगठित क्षेत्र में संक्षिप्त अंतर लिखिए। [1+1=2]

Write the difference between organised and unorganised sector in brief.

14) भूमण्डलीकरण के आर्थिक आयाम कौनसे है? केवल उनके नाम लिखिए। **[2]**

What are the economic dimension of globalization? Write their name only.

15) भारतीय संदर्भ में आर्थिक सुधार क्या है? बताइए। **[2]**

What is economic reform in Indian context? State.

16) रुपांतरणकारी/ प्रतिदानात्मक सामाजिक आंदोलन से क्या तात्पर्य है? कोई एक उदाहरण दीजिए। **[1+1=2]**

What is meant by transformative/redemptive social movement? Give any one example.

## खण्ड – स

## SECTION - C

17) जाति की कोई तीन विशेषताओं का वर्णन कीजिए। **[1+1+1=3]**

Describe any three characteristics of caste.

18) सामाजिक स्तरीकरण के तीन मुख्य सिद्धांतों की संक्षिप्त व्याख्या कीजिए। **[1+1+1=3]**

Briefly explain the three key principles of social stratification.

19) संविदा खेती के किसानों एवं कृषि पर पड़ने वाले प्रभावों का संक्षिप्त वर्णन कीजिए। **[3]**

Describe the effects of contract farming on farmers and agriculture.

20) मास मीडिया से क्या तात्पर्य है? इसने हमारे दैनिक जीवन को कैसे प्रभावित किया है? कुछ उदाहरण लिखिए। **[1+2=3]**

What is meant by mass media? How has it affected our everyday life? Write some examples.

## खण्ड – द

## SECTION - D

21) स्त्री – पुरुष अनुपात से क्या तात्पर्य है? भारत में गिरते स्त्री–पुरुष अनुपात के कारणों की व्याख्या कीजिए।[1+3=4]

What is meant by sex-ratio? Explain the reasons of the declining sex-ratio in India.

अथवा/OR

'जनसांख्यिकीय लाभांश' किसे कहते है? क्या बदली हुई आयु संरचना भारत में जन सांख्यिकीय लाभांश प्रदान कर रही है? [1+3=4]

What is demographic dividend? Does the changing age structure offer a demographic dividend for India?

22) बाजार पर समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण, आर्थिक दृष्टिकोण से किस प्रकार अलग है? [4]

How is a sociological perspective on market different from an economic one.

अथवा/OR

किस तरह से एक साप्ताहिक बाजार, एक सामाजिक संस्था है? व्याख्या कीजिए। [4]

How is a weekly market, a social institution? Explain.

23) 19 वीं और 20 वीं शताब्दी के समाज सुधार आंदोलनों की व्याख्या कीजिए। [4]

Explain the social reform movements of 19th and 20th century.

अथवा/OR

संस्कृतिकरण को परिभाषित कीजिए। इसकी विशेषताओं का विस्तार से वर्णन कीजिए। [1+3=4]

Define sanskritization. Describe its characteristics in detail.

DO NOT WRITE ANYTHING HERE